दिनांक 13.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त श्री के एल चौहान ने निगम क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से घूमते पाए जाने वाले सूअरों को पकड़ने हेतु निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया था ताकि इन सुअरों के आतंक से नागरिकों को सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके .

दिनांक 13 ,14 एवं 15 जुलाई को लगातार तीन दिवस इस अभियान को चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। दिए गए निर्देशानुसार आज निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में निगम का स्वास्थ्य अमला के द्वारा निगम क्षेत्र के अंतर्गत संतोषी पारा , शारदा पारा कैंप 2 तालाब के किनारे अवैध रूप से घूमते पाए गए 16 नग सूअरों को पकड़ा गया ।तथा उन्हें अज्ञात स्थान पर छोड़ा गयानिगम के . प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने आयुक्त महोदय के दिए गए आदेशानुसार सूअर पकड़ने का अभियान आज चलाया गया तथा दिनांक 14 एवं 15 को भी अभियान को चलाये जाने के संबंध में संबंधित जोन के सहायक अभियंता स्वच्छता निरीक्षक सहायक राजस्व अधिकारी एवं ठेकेदार तथा स्वास्थ्य विभाग के संबंधित कर्मचारीयों को आदेश प्रसारित किया गया हैकी इस अभियान में आवश्यक रूप से निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहेंगे। .

जन सम्पर्क अधिकारी